हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 29 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 नाबालिग के साथ बलात्संग के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास



08 सड़क नहीं तो वोट नहीं, मतदाता आज करेंगे जिला पंचायत...



खबर संक्षेप

इनामी व स्थाई वारंटी को पुलिस ने पकड़ा

विदिशा। सिविल लाइन पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 3 हजार के इनामी एवं स्थाई वारंटी आरोपी को शेरपुर टीला से गिरफ्तार किया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में की गई। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से अस्थाई वारंट जारी था। वहीं, धारा 392 भादवि और 25 आर्म्स एक्ट के मामले में वह स्थाई वारंटी था। कार्रवाई में थाना प्रभारी राजपाल सिंह जादौन सहित पुलिसकर्मियों की भूमिका रही।

पंचायतों पर दिखेंगी रजिस्ट्री शुल्क की दरें

विदिशा । मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत अब ग्रामीणों को जमीन-मकान की रजिस्ट्री में लगने वाले पंजीयन शुल्क की स्पष्ट जानकारी पंचायत भवनों में मिलेगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समीक्षा बैठक में जिला पंजीयक को ग्राम पंचायतों के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर शुल्क की अद्यतन दरें प्रदर्शित कराने के निर्देश दिए। जानकारी सरल भाषा में स्पष्ट और पठनीय रूप से लगाई जाएगी। शुल्क दरों में बदलाव होने पर बोर्ड भी तत्काल अपडेट होंगे। इसी तरह नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में भी सार्वजनिक स्थानों पर पंजीयन शुल्क की दरें प्रदर्शित की जाएंगी।

25 से 27 अक्टूबर तक सेंट मेरी में राष्ट्रीय युवा सद्भावना शिविर

विदिशा। सेंट मेरी पीजी कॉलेज में 25 से 27 अक्टूबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय युवा एकल सद्भावना शिविर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय युवा योजना ट्रस्ट नई दिल्ली के तत्वावधान में होने वाले शिविर में देशभर के युवा शामिल होंगे। यह आयोजन गांधीवादी चिंतक डॉ. एसएन सुब्बाराव 'भाई जी' की पुण्यतिथि की स्मृति में किया जा रहा है। शिविर में प्रभात फेरी, योग, पीटी, सर्वधर्म प्रार्थना, परिचर्चा, बौद्धिक सत्र, खेलकूद और विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। तैयारियों को लेकर 27 सितंबर को कॉलेज में समीक्षा बैठक हुई, जिसमें विभिन्न समितियां गठित कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

राहुल गुप्ता अध्यक्ष, डॉ. धर्मेंद्र चतुर्वेदी व डॉ. राहुल जैन उपाध्यक्ष निर्वाचित

विदिशा। सेंट्रल इंडिया को-ऑपरेटिव हॉस्पिटल सोसायटी लिमिटेड कोलुआ घामनोद के संचालक मंडल व पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा चुनाव परिणाम घोषित किए गए। राहुल गुप्ता को अध्यक्ष तथा डॉ. धर्मेंद्र चतुर्वेदी और डॉ. राहुल जैन को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। संचालक मंडल में सचिन ताम्रकार, कविता पीतलिया, शिल्पा सिंघानिया, सागर खटीक, डॉ. अमित कुमार गुप्ता, मयूरपुरी, आशीष कुमार जोशी और सौविक दत्ता निर्वाचित हुए। जिला सहकारी संघ मर्यादित विदिशा के प्रतिनिधि के रूप में सचिन ताम्रकार का निर्वाचन हुआ है। नियुक्ति पर पदाधिकारियों को उनके सहयोगियों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

असहाय वृद्धजनों को कराया भोजन

विदिशा। हिन्दू वाहिनी संघ महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष ऊषा श्रीवास्तव के तत्वावधान में बरईपुरा स्थित कच्छी धर्मशाला में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें असहाय वृद्धजनों को प्रेम और सम्मान के साथ भोजन प्रसादी कराई गई। इस दौरान समाजसेवी अतुल शाह सहित कार्यक्रम में सहयोग करने वाले समाजसेवियों का रोली, अक्षत और श्रीराम नाम के दुपट्टे से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वृद्धजनों की सेवा और सम्मान का संदेश दिया गया। जिला अध्यक्ष ने सहयोगी समाजसेवियों का आभार जताया। प्रदेश सचिव वर्षा श्रीवास्तव, संगठन मंत्री सविता कटारे, अंजलि राजपूत, पार्वती दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सिविल लाइन पुलिस की कार्रवाई, आरोपियों को न्यायालय में किया जाएगा पेश

10 किलो गांजा व तलवार जब्त, 3 गिरफ्तार, बस स्टैंड के पास से 5.50 किलो जब्त, दो गिरफ्तार

अवैध शराब के बाद अब पुलिस ने गांजे की बिक्री और तस्करी करने वालों को दबोचना शुरू कर कर दिया है। सिविल लाइन और कोतवाली पुलिस ने सोमवार को दो स्थानों पर कार्रवाई की है।



विदिशा। सिविल लाइन पुलिस और कोतवाली पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिविल लाइन थाना पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 27 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर आरोपी मोनिका केवट निवासी खम्मूखेड़ी गुलाबगंज हाल मुकाम हलाली कॉलोनी पप्पन का मकान विदिशा, आरोपी राजू अहिरवार निवासी लुहांगी मोहल्ला मंडी कमेटी के पीछे विदिशा, रोहित अहिरवार निवासी अशोका गार्डन एकता कॉलोनी मकान नंबर 183 थाने के पीछे भोपाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को भोरघाट पुलिया के पास से पकड़ गया है। कार्रवाई के दौरान एक हीरो कंपनी की बाइक क्रमांक एमपी 04 जेड टी 8695 10 किलो गांजा तथा एक तलवार भी जब्त की गई। मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।


पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर 28 सितंबर को न्यायालय में पेश किया। इधर कोतवाली पुलिस ने बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स के पास कार्रवाई करते हुए 5 किलो 50 ग्राम गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजा, मोटरसाइकिल और मोबाइल सहित कुल 1.65 लाख रुपए का माल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 27 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिलने पर संदिग्धों की घेराबंदी कर तलाशी ली गई। इस दौरान अविनाश अहिरवार (30), निवासी बंटी नगर और बृजेंद्र उर्फ विराट सिंह राजपूत (32), निवासी बंटीनगर, साईंधाम कॉलोनी को पकड़ा गया। जब्त गांजे की कीमत 75 हजार, बाइक की 80 हजार और मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपए बताई गई है। दोनों के खिलाफ कोतवाली थाने में एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है। कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में की गई।

शहर में क्विंटलों से खप जाता है गांजा

शहर में गांजे की खपत बहुत अधिक है। पूर्व में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में क्विंटलों से गांजा जब्त किया गया है। शहर में चुनिंदा प्वाइंट बन चुके हैं जहां सालभर गांजे की सप्लाई नियमित रूप से होती है। उदयगिरी रोड पर, डंडापुरा, पुरानी गल्ला मंडी गेट और नया प्वाइंट अहमदपुर चौराहे पर बिकने वाली फर्सियों के पास बनी झोपड़ियों में है। यहां कभी कार्रवाई नहीं होती और गांजा बेचने का कारोबार खुलेआम चलता है। पुलिस भी यहां कभी कार्रवाई नहीं करती।

पीडीएस विक्रेताओं का प्रदर्शनःकमीशन बढ़ाने, 40 हजार मासिक आय की मांग

मांग नहीं मानने पर राशन दुकान संचालकों ने दी 3 अक्टूबर से हड़ताल की चेतावनी



विदिशा। मांगों के संबंध में राशन विक्रेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन देकर जताया विरोध।

जिलेभर के राशन दुकान संचालकों से प्रशासन को करना है 16 करोड़ की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिलेभर के पीडीएस विक्रेता सोमवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत विदिशा कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी के जरिए मुख्यमंत्री को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। विक्रेताओं ने साफ चेतावनी दी कि अगर 3 अक्टूबर तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो पूरे मध्यप्रदेश में राशन वितरण व्यवस्था ठप कर हड़ताल की जाएगी। संघ सदस्य सरिता शर्मा ने बताया कि अभी 5 से 8 हजार रुपये तक ही कमीशन मिलता है। कई महीनों से भुगतान न होने से विक्रेता आर्थिक तंगी झेल रहे हैं। वे समय पर कमीशन और 40 हजार रुपये मासिक न्यूनतम आय की मांग कर रहे हैं।

जिलेभर के पीडीएस विक्रेता सोमवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत विदिशा कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलेभर के पीडीएस विक्रेता सोमवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत विदिशा कलेक्ट्रेट पहुंचे।

- राशन वितरण का कमीशन 200 रुपए प्रति क्विंटल हो।

3 अक्टूबर तक फैसला नहीं तो होगी हड़ताल

विक्रेता महेंद्र दुबे ने बताया कि उनकी मुख्य मांगें हैं। राशन वितरण का कमीशन 200 रुपए प्रति क्विंटल हो। सभी विक्रेताओं के लिए न्यूनतम आय तय हो। तौल में घटती की भरपाई सरकार करे। विक्रेताओं का कहना है कि वर्षों से ज्ञापन देने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। 3 अक्टूबर तक फैसला न होने पर प्रदेशव्यापी हड़ताल और आंदोलन की रणनीति लागू होगी।

लंबित आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करें

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में विभागवार लंबित आवेदनों की कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समीक्षा की। बैठक में उन्होंने लंबित, निराकृत और शेष प्रकरणों की स्थिति की जानकारी अधिकारियों से ली। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ समय पर मिले। जिन प्रकरणों में दस्तावेज या प्रक्रिया अधूरी है, आवेदकों को इसकी जानकारी देकर शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने प्रत्येक आवेदन की विभागवार मॉनिटरिंग और स्थिति अपडेट रखने के निर्देश दिए। तकनीकी या प्रक्रियागत अड़चनों का संबंधित अधिकारियों के समन्वय से समाधान करने को भी कहा।

मंडी में हम्मालों-तुलावटों का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

आपराधिक प्रकरणों में संलिप्त लोगों को मंडी कार्यों से अलग रखने के निर्देश

मंडी सचिव को कार्रवाई करने के दिए हैं निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कृषि उपज मंडियों में कार्यरत हम्मालों और तुलावटों की पहचान एवं पृष्ठभूमि का अब पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाएगा।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में जिले की सभी कृषि उपज मंडियों के सचिवों को इसके निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में बड़ी संख्या में किसान उपज लेकर पहुंचते हैं, इसलिए वहां काम करने वाले श्रमिकों का सत्यापन जरूरी है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आपराधिक मामलों में संलिप्त या आपराधिक गतिविधियों से जुड़े व्यक्तियों को मंडी से संबंधित कार्यों से अलग रखा जाए। इसके लिए मंडी सचिव आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

पात्र श्रमिकों के बनवाएं आयुष्मान कार्ड

कलेक्टर ने हम्मालों और तुलावटों को सामाजिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाने पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी पात्र श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाने और योजना के लाभों की जानकारी देने के निर्देश दिए।

बीमा योजनाओं से जोड़ने के निर्देश

बैठक में कम प्रीमियम वाली शासन की बीमा योजनाओं से पात्र हम्मालों और तुलावटों को जोड़ने को कहा गया। कलेक्टर ने मंडी सचिवों को योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभान्वित करने और कार्रवाई की जानकारी समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

खेलते समय पैर फिसलने से तालाब में डूबी बच्ची, मौत

गोताखोरों ने काफी प्रयास के बाद शव को निकाला

विदिशा। गेहूंखेड़ी रोड़ पर कटसारा गांव में एक 9 साल की बच्ची वैष्णवी उर्फ कनिष्का की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया। परिवार के मुताबिक, वैष्णवी गांव की दूसरी बच्चियों के साथ तालाब किनारे खेल रही थी। खेलते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिर गई। साथ मौजूद बच्चियों ने शोर मचाकर गांव वालों और परिवार को सूचना दी। पिता शंकर और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन बच्ची नहीं मिली। इसके बाद पुलिस को खबर दी गई। पुलिस



के साथ होमगार्ड की रेस्क्यू टीम भी मौके पर पहुंची। गोताखोरों ने काफी देर तक तलाश के बाद बच्ची को तालाब से बाहर निकाला। उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पार्षदों ने कंपनी कार्यालय के बाहर फेंका कचरा

विदिशा। 4.90 करोड़ रुपए के निजी ठेके वाली डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था ठप होने और वेतन नहीं मिलने से ड्राइवर और हेल्परों ने काम बंद कर दिया था। नाराज पार्षदों ने कंपनी कार्यालय आडिटोरियम के बाहर कचरा फेंककर ठेका रद्द करने की मांग की। पार्षदों के अनुसार कई क्षेत्रों में 8 से 15 दिन तक कचरा वाहन नहीं पहुंच रहे हैं, जबकि लोगों से सालाना 960 रुपए यूजर चार्ज लिया जा रहा है। नगर पालिका ने 26 और 27 एवं 28 सितंबर को वाहन भेजकर कचरा उठवाया। नपा के अनुसार ऑडिट आपत्तियों के कारण कंपनी का भुगतान रुका था। चर्चा के बाद संग्रहण व्यवस्था फिर शुरू करा दी गई।

समस्या निदान शिविर में 39 प्रकरण मिले, 13 का मौके पर निराकरण

विदिशा। शिक्षा विभाग के लंबित पेंशन, ग्रेच्युटी, क्रमोन्नति, समयमान व अवकाश नगदीकरण सहित सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए 27 सितंबर को डाइट में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 39 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 13 का मौके पर ही तत्काल निराकरण किया गया। शेष प्रकरणों की समीक्षा कर कार्रवाई तय की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को लंबित मामलों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ कार्यालय से संबंधित प्रकरणों की सूची तैयार कर आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजने की प्रक्रिया भी शुरू की गई।

100 दिन से लंबित सीएम हेल्पलाइन के मामलों पर कलेक्टर सख्त

909 शिकायतों की समीक्षा, लापरवाही पर एल-1 और एल-2 अधिकारियों को शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



सीएम हेल्पलाइन में 100 दिन से अधिक समय से लंबित 909 शिकायतों को लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने लंबे समय से लंबित शिकायतों के निराकरण में देरी पर नाराजगी जताते हुए प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों की स्थिति देखी और अधिकारियों से शिकायतों के लंबित रहने के कारण तथा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में केवल औपचारिकता नहीं बरती जाए, बल्कि समस्या के मूल कारण का परीक्षण कर शिकायतकर्ता को वास्तविक और संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए। जिन प्रकरणों में एल-1 और एल-2 स्तर के अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई है, उनके खिलाफ शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिला नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर निकिता तिवारी को चिन्हित अधिकारियों को नोटिस जारी करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर ने लंबित शिकायतों की लगातार मॉनीटरिंग करने और समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आमजन की समस्याओं को शासन तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण व्यवस्था है, इसलिए लंबे समय से लंबित शिकायतों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

6 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, 9 को मॉप-अप दिवस

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को बेतवा सभागार में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों की समीक्षा की। जिले में 6 अक्टूबर को अभियान चलाकर निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों और किशोर-किशोरियों को कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी। तीन साल तक के बच्चों को दवा पीसकर दी जाएगी, जबकि अन्य बच्चों को गोली सीधे खिलाई जाएगी। 9 अक्टूबर को मॉप-अप दिवस आयोजित कर छूटे बच्चों को दवा दी जाएगी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग को समन्वय से कार्य करने, जागरूकता बढ़ाने और मैदानी अमले से अभियान की प्रभावी मॉनीटरिंग के निर्देश दिए।

समापन पर साहित्य-संगीत का हुआ संगम

विदिशा | शासकीय कन्या महाविद्यालय में 14 से 28 सितंबर तक आयोजित हिंदी पखवाड़े का समापन साहित्य और संगीत की मनोहारी प्रस्तुतियों के साथ हुआ। हिंदी, संगीत विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त आयोजन में छात्राओं ने प्रेमचंद की कहानी 'शतरंज के खिलाड़ी' का मंचन किया। वहीं संगीत विभाग की छात्राओं ने लता मंगेशकर के गीतों की प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिताओं की विजेताओं को प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने पुरस्कृत किया। उन्होंने हिंदी को जनता की वाणी बताते हुए कहा कि इसके साहित्य में जनजीवन के सुख-दुख अभिव्यक्त होते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अस्मुरारी नंदन मिश्र और डॉ. रामू विश्वकर्मा ने किया।

3.5 हेक्टेयर क्षेत्र में सर्वेक्षण, कम बारिश के चलते जलाशयों में पानी भरने की व्यवस्था

कागपुर में देशी-प्रवासी पक्षियों ने बनाया ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र शासन द्वारा हाल ही में घोषित कागपुर पक्षी कंजर्वेशन रिजर्व में विशेष पक्षी सर्वेक्षण किया गया। 53.5 हेक्टेयर क्षेत्र में हुए सर्वेक्षण में दुर्लभ प्रवासी पक्षी यूरोपियन रोलर समेत कई देशी और प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी दर्ज की गई।

वन विभाग और भोपाल बर्ड्स कंजर्वेशन सोसाइटी की संयुक्त टीम ने कागपुर के प्राकृतिक जलस्रोत और आसपास के लैंडस्केप का निरीक्षण कर पक्षियों की प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया। सर्वेक्षण प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) समीता राजौरा के निर्देश और वनमंडलाधिकारी विदिशा हेमंत यादव के मार्गदर्शन में किया गया। टीम में भोपाल बर्ड्स कंजर्वेशन सोसाइटी के अध्यक्ष मो. खालिक, उप वनमंडलाधिकारी रमेश गहलोत सहित वन विभाग का अमला शामिल रहा। स्थानीय प्रजातियों में ग्रीन बी-ईटर, स्पॉटेड आउलेट, स्केली-ब्रेस्टेड मुनिया, पाइड किंगफिशर, व्हाइट-थ्रोटेड किंगफिशर, कॉमन मैना और स्पॉटेड डव प्रमुख हैं। देशी और प्रवासी दोनों तरह के पक्षियों की मौजूदगी से क्षेत्र की जैव विविधता का महत्व सामने आया है।

विदिशा तहसील के अंतर्गत आने वाला कागपुर का प्राचीन



प्राकृतिक जलस्रोत 53.5 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है। बेतवा और बाह्य नदियों के मध्य स्थित यह क्षेत्र जल और आसपास के प्राकृतिक भू-दृश्य के कारण पक्षियों के लिए अनुकूल आवास उपलब्ध कराता है। सर्वेक्षण में दर्ज विभिन्न प्रजातियों से इस जलस्रोत के पक्षी आवास के रूप में महत्व की जानकारी मिली है।

कम बारिश के बीच पानी की व्यवस्था

कम वर्षा को देखते हुए वन विभाग द्वारा कागपुर क्षेत्र के जलाशयों में समीपस्थ जलस्रोतों से पानी भरने की व्यवस्था की जा रही है। विभाग का उद्देश्य जलाशयों में पर्याप्त पानी बनाए रखना है, ताकि आगामी शीतकाल में यहां पहुंचने वाले प्रवासी पक्षियों को अनुकूल वातावरण मिल सके। इसके साथ ही प्राकृतिक आवास और जलस्रोतों के संरक्षण पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

यूरोपियन रोलर रहा प्रमुख आकर्षण

सर्वेक्षण में यूरोपियन रोलर की मौजूदगी प्रमुख रूप से सामने आई। यह एक प्रवासी पक्षी है और इसकी उपस्थिति कागपुर क्षेत्र में उपलब्ध प्राकृतिक आवास और पारिस्थितिक परिस्थितियों के अनुकूल होने का संकेत देती है। इसके अलावा यूरेशियन कूट, स्पॉट-बिल्ड डक, व्हिस्लिंग टील, ओपन-बिल स्टॉर्क और वूली-नेक्ड स्टॉर्क जैसे पक्षी भी देखे गए।

जिनवाणी शोभायात्रा में उमड़ा सैलाब

विदिशा। पर्युषण पर्व के समापन अवसर पर सकल तारण तरण जैन समाज की ओर से सोमवार को श्री जिनवाणी पालकी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा खरीफाटक स्थित चैत्यालय से शुरू होकर संत तारण तरण मार्ग, अरिहंत विहार, पार्श्वनाथ जिनालय और अरिहंत हिल्स रोड होते हुए श्री तारण स्वाध्याय मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में महिला, पुरुष और बच्चों सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। जयकारों और धार्मिक वातावरण से मार्ग भक्तिमय हो



गया। शोभायात्रा के बाद अरिहंत विहार स्थित स्वाध्याय मंदिर परिसर में तिलक महोत्सव एवं क्षमावाणी कार्यक्रम हुआ। समाजजनों ने पर्युषण पर्व के दौरान आत्मचिंतन और संयम की भावना को आत्मसात करते हुए एक-दूसरे से क्षमा मांगी। "मिच्छामि दुक्कड़म्" की भावना के साथ प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। दोपहर में पाठभावना का आयोजन भी हुआ।

खबर संक्षेप

पितृपक्ष में चल रही है कथा



गंजबासौदा। तहसील के सामने स्थित सिद्धेश्वरी मंदिर में इन दिनों पितृपक्ष के उपलक्ष्य में कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बडी संख्या में लोग शामिल होकर कथा श्रवण कर रहे हैं।

औदीच्य ने दी तर्पण की जानकारी

गंजबासौदा। स्थानीय रामेश्वर महादेव कांच मंदिर में आयोजित धर्म सभा में अखिल भारत वर्षीय धर्मसंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशिसुन्दर औदीच्य शास्त्री ने तर्पण के बारे में बताया कि तर्पण कर्म में समय का विशेष महत्व है। दिन के चार भाग प्रहर कहलाते हैं। प्रत्येक प्रहर चार घंटे का होता है। इनका समय उदय सूर्योदय काल से आरंभ होता है। दिन के प्रथम प्रहर में 6 बजे से 7 बजे तक का समय ब्राह्म प्रहर ब्राह्मणों, महर्षियों का ब्रह्माजी के साक्षी करने का समय है। इस समय किया तर्पण देवों, ऋषियों और पितरों को अमृत रूप प्राप्त होता है। अतः यह सर्वोत्तम अमृतकाल है। सुबह 7 से 9 बजे तक किया गया तर्पण जल इन्हें मधु रूप में प्राप्त होता है। इसलिए यह मधुकाल है। सुबह 9 बजे से 10:30 प्रातः तक यह दुग्ध रूप में इन्हें मिलता है। यह जलपान काल है 10:30 होता है। यह पयपान काल है। सुबह साढे दस बजे से सांयकाल साढे चार बजे तक का तर्पण जलपान काल है। अतः इस समय का तर्पण जल रूप में ही मिलता है। इस काल के बाद का समय आसुरी काल है। जो साढ़े चार बजे से 9 बजे तक है। इसके उपरांत रात्रि का संपूर्ण समय राक्षसी काल निशाचरी होता है। अतः इस समय का तर्पण असुर राक्षस पाते हैं। इससे वे पुष्ट होते हैं। अतः इस काल में तर्पण कदापि न करें। आगे पंडित औदीच्य ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टि से यदि सोचे, तो तर्पण और अर्पण से अंतरिक्ष में अशुद्ध तत्वों की शुद्धि का क्रम बनता है। श्रीमद भागवत में तर्पण से सूर्य की शक्ति को बढ़ाने की बात कही गई है। आज वैज्ञानिक भी ऐसा मानते है। अंतरिक्ष में सर्वत राक्षस नक्षत्र होते हैं। इनसे सूर्य की शक्ति कमजोर होती है। तर्पण से सूर्य को बल मिलता है।

न्यायाधीश ने आरोपी को 20 हजार रुपए के अर्थदंड से किया दंडित

नाबालिग के साथ बलात्संग के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा




पॉक्सो न्यायालय के न्यायाधीश ने जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण में नाबालिग अभियोक्त्री के साथ बलात्संग करने वाले आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा एवं 20000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एसपीओ दिनेश कुमार असैया द्वारा बताया गया कि न्यायालय राकेश कुमार ठाकुर, प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश एवं पॉक्सो न्यायालय बासौदा ने अपने निर्णय में सोमवार को आरोपीगण को बीएनएस की धारा एवं पॉक्सो अधिनियम में 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अभियोक्त्री आयु 5 वर्ष की मां ने पुलिस थाना में उपस्थित होकर एक आवेदन दिनांक 02.09.2025 को शहर थाना में दिया था। जिसमें बताया कि दिनांक 02.09.2025 के पूर्व 2-3 दिन से जब मेरी बेटी स्कूल से वापस आती थी और बोलती थी कि ऑटो वाले अंकल गंदे है मुझे उनके साथ स्कूल नहीं जाना है। घटना दिनांक 01.09.2025 को अभियोक्त्री स्कूल से लेट आई और बताया कि ऑटो वाले अंकल 3-4 दिन से गलत काम कर रहे हैं और आज भी अंकल ने गलत काम किया था तथा बहुत दर्द हो रहा है। घटना दिनांक को अभियुक्त, अभियोक्त्री बच्ची को अकेला छोडने आया था। उसने देखा कि बच्ची को प्राईवेट पार्ट से खून आ रहा था और उसके कपडे खून से सने हुए थे। अभियुक्त ऑटो चालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उक्त आवेदन पर तथा अभियोक्त्री के मां के बताए अनुसार शहर थाना में धारा 64 (2) एफ, 64(2) एम, 64, 65(2) बीएनएस एवं 5/6' पॉक्सो एक्ट के अपराध की प्रथम सूचना रिपोर्ट आरोपी के विरूद्ध लेखबद्ध की गई थी। प्रकरण में अभियोक्त्री का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया एवं प्रकरण में अभियोक्त्री तथा उसके मां के धारा 183 बीएनएसएस के कथन कराए गए। अनुसंधान के दौरान डीएनए की कार्रवाई की गई थी। प्रकरण में अनुसंधान एवं विवेचना एसडीओपी शिखा भलावी के द्वारा की गई थी। संपूर्ण विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पुलिस द्वारा पेश किया गया था। एडीपीओ दिनेश असैया के द्वारा बताया गया कि उक्त प्रकरण में जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों की सूची में सम्मिलित था। न्यायालय में विचारण के दौरान अभियोजन के द्वारा कुल 16 गवाहों के साक्ष्य न्यायालय में कराए गए तथा बचाव पक्ष के द्वारा भी 11 बचाव साक्षी के कथन न्यायालय में कराए गए थे। पीडिता, अभियोक्त्री, पीड़िता की मां, पिता व अन्य महत्वपूर्ण साक्षीगणों के कथन भी कराए गए। प्रकरण में मेडिकल साक्ष्य एवं डीएनए रिपोर्ट, उपलब्ध मौखिक, दस्तावेजी साक्ष्य तथा भौतिक साक्ष्य से भी प्रकरण प्रमाणित हुआ। एडीपीओ, एसपीओ दिनेश असैया के तर्क से सहमत होकर न्यायाधीश ने अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए पॉक्सो अधिनियम में 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवं कुल 20000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रभारी उपनिदेशक सहा निदेशक के द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन प्रकरण में दिया गया। प्रकरण के शीघ्र निराकरण हेतु आरक्षक रीतेश तिवारी द्वारा समय पर समंस वारंट जारी कर प्रकरण में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

छेल बिहारी मंदिर में पितृ पक्ष में पाक्षिक कथा का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

श्री छेल बिहारी मंदिर में पितृ पक्ष में पाक्षिक कथा का शुभारंभ हुआ। यह कथा पितरों के स्मरण में हो रही है। कथा व्यास केशव शास्त्री ने बताया श्रीमद् भागवत के महत्व में भगवान नारायण, ब्रह्मा जी को कहते हैं कलयुग में यह कथा पितृ पक्ष में होती है, तब उनके पिता इस कथा को सुनकर नाचते गाते हैं। अतः पितृ पक्ष में पितरों के निमित्त भागवत कथा पितरों को तृप्त करती है, पितृ पक्ष पितरों का उत्सव पक्ष है उत्सव मनाते हैं और आशा रखते हैं, हमारे परिवारजन हमको तर्पण आदि से संतुष्ट करेंगे, तर्पण करना श्राद्ध करना शांति भागवत कथा सुनना पितरों को तृप्त करता है। भागवत अनादि ग्रंथ है जिस प्रकार वेद अनादि है इस प्रकार भागवत पंचमुखी भागवत पंचम वेद है और इसमें संस्कार ज्ञान भक्ति बारंबार चर्चा की गई है। हम सबका जीवन है लेकिन संस्कार नहीं है तो विकार ही विकार है, जहां संस्कार है उन्नति है कथा सत्संग मानव जीवन का वर्कशॉप है। स्टेयरिंग, लाइट्स, ब्रेक कितने पुराने हो गए हो 80 साल पुराने भी है तो भी सत्संग के गैराज में ठीक हो जाएंगे।

शिकायत मिलते ही कराई सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सोमवार को वार्ड क्रमांक 20 में लोकेश सक्सेना वाली गली में गंदगी पडी होने और नालियों में कचरा भरा होने की समस्या नपा के समक्ष रखी गई। जिसके बाद स्वच्छता अमले ने तुरंत कार्रवाई शुरू करते हुए सफाई कामगारों के सहयोग से संबंधित गली और वार्ड में सफाई अभियान शुरू कर दिया और गलियों सहित नालियों की भी सफाई कराई गई। गंदगी की समस्या बताने वाले पत्रकार लोकेश सक्सेना के अनुसार समस्या बताने के बाद स्वच्छता प्रभारी के निर्देश पर मेट संतोष वाल्मिकी सफाई कामगारों को लेकर पहुंचे और सफाई करा दी गई। लोकेश सक्सेना ने समस्या निराकरण पर अमले की सराहना करते हुए वार्ड एवं गली में नियमित सफाई कराने की अपील की है।

यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



फाइल फोटो

यातायात पुलिस ने सोमवार को गुरोद रोड पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 11 वाहन चालकों पर कुल 4100 रुपए का जुर्माना लगाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाना और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। यह अभियान जय स्तंभ चौक पर चलाया गया। यातायात निरीक्षक एनएस लोधी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो पहिया और चार पहिया वाहनों की गहनता से जांच की। अभियान के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों, बिना सीट बेल्ट कार चलाने वालों और जिनके पास गाड़ी के कागजात पूरे नहीं थे, उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही ओवर स्पीड में वाहन चलाने वालों को रोककर यातायात नियमों के प्रति समझाइश दी गई।

यातायात निरीक्षक एनएस लोधी ने बताया वाहन चैकिंग अभियान के दौरान 11 वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया गया। इनमें बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले और बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन चलाने वाले वाहन शामिल थे। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि ये नियम उनकी सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर नियमित रूप से जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में चयन



गंजबासौदा। नवांकुर विद्यापीठ के सात विद्यार्थियों का चयन संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विदिशा के महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में जिला स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सुगम संगीत के कनिष्ठ वर्ग में सानवी भार्गव, वरिष्ठ वर्ग में वंशिका शर्मा, शास्त्रीय नृत्य के कनिष्ठ वर्ग में अवनी रघुवंशी, कैलीग्राफी में अंजनी भदोरिया, प्रश्न मंच के वरिष्ठ वर्ग में मनन सुमन और यथार्थ साहू तथा योग प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में झलक शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपर्युक्त सातों विद्यार्थियों का चयन संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय के बाल रंग प्रभारी वासुदेव शर्मा, संगीत शिक्षक रामकिशन राठौर, संगीत शिक्षक मुकेश शर्मा, अवधेश कुशवाह तथा रामनारायण नरवरिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता का आयोजन 3 अक्टूबर को भोपाल में किया जावेगा। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र दीक्षित सहित विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाऐं दी हैं।

पचमा बायपास पर देर तक लगा जाम



गंजबासौदा। नगर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल पचमा बायपास पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। इससे मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के साथ स्थानीय रहवासियों और दुकानदारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को शाम व्यस्त समय में मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण जाम लग गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगने से यातायात की रफ्तार थम गई। काफी देर तक वाहन जाम में फंसे रहे, जिससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पचमा बायपास मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इसके बावजूद जाम की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नजर नहीं आती। लोगों ने संबंधित विभाग से मार्ग पर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने और जाम की समस्या से स्थायी निजात दिलाने की मांग की है।

ठेले पर फल बेचने वाले का बेटा आसिफ ओलंपियाड में चमका, अब सरकारी खर्च पर कर रहा गुजरात की सैर



गंजबासौदा। ग्राम रसूलपुर के गरीब परिवार के जमालउद्दीन खान के होनहार बेटे आसिफ ने ओलंपियाड परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार ही नहीं बल्कि गांव और जिले का भी नाम रोशन कर दिया है। अब आसिफ शासकीय खर्च पर गुजरात में विज्ञान सिटी सहित साबरमती आश्रम, अक्षरधाम मंदिर आदि विभिन्न स्थलों का भ्रमण करेगा। गत दिवस आसिफ इस यात्रा पर रवाना भी हो गया। त्योंदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 11 वीं के छात्र आसिफ ने हाईस्कूल परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक अर्जित किए थे। साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा विज्ञान कला पर आधारित ओलंपियाड परीक्षा में भी सहभागिता की थी। जिसमें वह अव्वल आया था। जिसके बाद उसे गुजरात के अहमदाबाद के विभिन्न स्थानों के भ्रमण के लिएचयनित किया गया और गत 27 सितंबर को वह इस यात्रा पर रवाना भी हो गया। विद्यालय प्राचार्य अभय शर्मा बंटी ने बताया कि रसूलपुर निवासी आसिफ खां के परिवार में माता पिता सहित कुल 6 सदस्य हैं। जिनमें एक बहिन और तीन भाई हैं। इनके पिता जमालउद्दीन खां त्यौंदा में फल विक्रेता का कार्य करते हैं। जिन्होंने अपने पुत्र आसिफ को पढ़ाकर इस मुकाम तक पहुंचाया। इतना ही नहीं बल्कि आसिफ भी स्कूल से पढ़ लिखने के बाद अपने पिता के साथ फल की दुकान पर बैठकर सहयोग करता है। आसिफ भी पढाई में बेहद होशियार है। उसने गत वर्ष 2025-26 में आयोजित की गई माध्यमिक शिक्षा मंडल हाई स्कूल परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। पूर्व में विभाग द्वारा विज्ञान कला पर आधारित हुई ओलंपियाड परीक्षा में शामिल हुआ था, जिसमें वह अव्वल आया और तहसील से लेकर जिले में अपना परचम लहराया है। अब शासन के खर्च पर आसिफ को पांच दिवसीय गुजरात के अहमदाबाद क्षेत्र में विज्ञान सिटी सेंटर, साबरमती आश्रम, गांधीनगर में दांडी कुटीर, अक्षरधाम मंदिर सहित विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। जिला प्रभारी विजय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक से एक एक विद्यार्थी का चयन हुआ था। लोक शिक्षण संचालनालय से मिली सूची के मुताबिक जिले के लगभग 16 विद्यार्थी शामिल हैं। भ्रमण के लिए टीम गत 27 सितंबर को रानी कमलापति स्टेशन से स्पेशल ट्रेन से रवाना हो गई। जिसमें करीब 500 से अधिक विद्यार्थी शामिल हैं। आसिफ खान की इस उपलब्धि ने परिवार सहित स्कूल का नाम रोशन किया है। आसिफ को उसके परिजनों, विद्यालय परिवार, मित्रों, शुभचिंतकों एवं ग्रामीणों ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 6.0 का हुआ शुभारंभ

श्रमदान दल ने बेतवा नदी से निकाली 200 से अधिक पीओपी की प्रतिमाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 6.0 का रविवार को नौलखी घाट से शुभारंभ हुआ। श्रमदान के दौरान दल के सदस्यों ने नदी से 200 से अधिक प्लास्टर ऑफ पेरिस की गणेश प्रतिमाएं बाहर निकालीं। नदी में विसर्जित प्रतिमाओं और उनके अवशेषों को निकालकर घाट किनारे एक गड्ढे में व्यवस्थित रूप से एकत्र किया गया, जिसके बाद श्रमदान दल द्वारा उनका निर्धारित तरीके से निस्तारण किया गया। ज्ञात हो कि गणेश प्रतिमा विसर्जन से पहले प्रशासन द्वारा वैकल्पिक विसर्जन कुंड बनाए गए थे। पीओपी की प्रतिमाओं के निर्माण और उपयोग को लेकर कार्रवाई की घोषणाएं भी की गईं तथा एक-दो मामलों में कार्रवाई भी हुई। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने मिट्टी के गणेश स्थापित करने, घरों में प्रतिमा विसर्जित करने और नदी-तालाबों को पीओपी तथा रासायनिक रंगों से बचाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए। नौलखी घाट की नदी तलहटी में अभी भी 500 से अधिक प्रतिमाएं होने का अनुमान है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब वैकल्पिक विसर्जन कुंड उपलब्ध थे, तब जीवनदायिनी नदी में पीओपी की प्रतिमाएं कैसे पहुंचीं? यह सवाल केवल प्रशासन से नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी से भी जुड़ा है। खास तौर पर गंज पुल के पास नगर प्रशासन द्वारा वैकल्पिक विसर्जन कुंड बनाए जाने के बावजूद यदि लोग पीओपी की प्रतिमाओं को नदी या उसके आसपास विसर्जित करते हैं, तो यह स्थिति जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी, दोनों पर सवाल खड़े करती है। आस्था के नाम पर नदी को प्रदूषित करने के बाद उसी नदी की सफाई पर समय, श्रम और पैसा खर्च करना आखिर कब तक चलता रहेगा? यह प्रश्न हर उस व्यक्ति के सामने है, जो नदी को जीवनदायिनी मानता है। श्रमदान दल का उद्देश्य केवल नदी से कचरा निकालना नहीं, बल्कि समाज को यह अहसास कराना भी है कि जिसे हम मां कहते हैं, उसकी रक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। विडंबना यह भी रही कि प्रतिमा विसर्जन के साथ लोगों ने पूजन और श्रृंगार में इस्तेमाल होने वाली कृत्रिम सामग्री भी नदी में प्रवाहित कर दी। प्लास्टिक की मालाएं, पॉलिएस्टर की पोशाक और अन्य कृत्रिम सजावटी सामग्री नदी में बिखरी मिली। श्रमदान दल ने इन सामग्रियों को भी अलग-अलग एकत्र किया, ताकि इन्हें नदी से बाहर निकालकर उचित तरीके से निस्तारित किया जा सके। नदी में चढ़ावा चढ़ाने और नदी में कचरा डालने के बीच की सीमा को समझना आज पहले से कहीं अधिक जरूरी है। नदी स्वच्छ रहेगी, तभी उसके किनारे होने वाली आस्था, परंपरा और संस्कृति भी सुरक्षित रह सकेगी।

यूजीसी अधिनियम के विरोध में प्रदर्शन एवं ज्ञापन आज

गंजबासौदा। यूजीसी अधिनियम 2026 के विरोध में मंगलवार को सर्व समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मंगलवार को दोपहर 12 सभी समाज के लोग शीतला शक्तिधाम मंदिर परिसर में एकत्रित होंगे। जहां से पारासरी पुल, जयस्तंभ चौक होते हुए एक विशाल एवं शांतिपूर्ण जुलूस तहसील परिसर की ओर निकाला जाएगा। तहसील परिसर में सर्व समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को यूजीसी अधिनियम के विरोध में ज्ञापन सौंपा जाएगा। सर्व समाज संघ ने नगर के सभी समाजों के लोगों, युवाओं, नागरिकों, संस्थाओं एवं संगठनों के पदाधिकारियों, विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं एवं आमजन से अपील की है कि वे यूजीसी अधिनियम के विरोध स्वरूप इस प्रदर्शन एवं ज्ञापन में अधिक से अधिक संख्या शामिल होकर उसे सफल बनाएं। सभी समाजों ने भी अपने स्वजनों से ज्ञापन में आने की अपील की है।

खरीफ फसल कटाई के लिए बाहर से आने लगे मजदूर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

इलाके में बारिश का दौर थमते ही खरीफ फसल उड़द की कटाई का काम शुरू हो गया है। खेतों में फसल पककर तैयार होने के बाद किसान अब कटाई और फसल को सुरक्षित घर तक पहुंचाने की तैयारियों में जुट गए हैं। कटाई का काम तेज होने के साथ ही मजदूरों की मांग भी बढ़ने लगी है। स्थानीय स्तर पर पर्याप्त मजदूर उपलब्ध नहीं होने के कारण आसपास के क्षेत्रों के अलावा अन्य स्थानों से भी मजदूर गंज बासौदा क्षेत्र में पहुंचने लगे हैं। जिसके चलते रेल्वे स्टेशन सहित आसपास में दर्जनों की संख्या में मजदूर दिखाई दे रहे हैं। कई किसान पहले से ही मजदूरों से संपर्क कर कटाई की व्यवस्था कर रहे हैं। खेतों में मजदूरों की टोलियां उड़द की कटाई में जुटी नजर आ रही हैं। बारिश के कारण फसल कटाई में देरी हुई थी, लेकिन मौसम खुलने के बाद अब किसान जल्द से जल्द कटाई पूरी करने में लगे हैं। किसानों का कहना है कि समय पर कटाई नहीं होने पर खेत में तैयार फसल को नुकसान होने की आशंका रहती है। इसके चलते आने वाले दिनों में मजदूरों की मांग और बढ़ने की संभावना है। उड़द की कटाई शुरू होने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। किसान कटाई के बाद फसल को सुखाने, साफ करने और मंडी तक पहुंचाने की तैयारी में जुट गए हैं। सुबह से ही किसान मजदूरों को लेने रेल्वे स्टेशन पर ट्रेक्टर, ट्राली लेकर पहुंचने लगे हैं।

सिरोंज वेयरहाउस पर किसानों को करना पड़ा परेशानी का सामना

ई-टोकन के फेर में किसान, खाद के लिए दर-दर भटकने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

खाद के लिए किसानों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को सिरोंज स्थित वेयरहाउस पर खाद लेने पहुंचे किसानों को ई-टोकन बुक कराने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। काफी देर तक प्रयास करने के बावजूद जब कई किसानों के टोकन बुक नहीं हो सके तो उनमें नाराजगी देखने को मिली। किसानों का कहना है कि खेती के महत्वपूर्ण समय में उन्हें खेतों में काम करने के बजाय खाद की व्यवस्था के लिए वेयरहाउस के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

किसानों की इस समस्या को लेकर कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने शासन की खाद वितरण व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए ई-टोकन व्यवस्था लागू की थी, लेकिन वर्तमान में यही व्यवस्था

टोकन बुक नहीं होने से बढ़ी नाराजगी



किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि किसान पहले खाद के लिए कतार में खड़ा होता है और इसके बाद टोकन बुक कराने के लिए अलग से परेशान होना पड़ रहा है। यदि टोकन ही समय पर बुक नहीं होगा तो किसान खाद कैसे प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि खेती का समय लगातार निकल रहा है। ऐसे में समय पर खाद नहीं मिलने से किसानों को अपनी फसल प्रभावित होने की चिंता सता रही है। किसानों का कहना है कि खाद की आवश्यकता के समय यदि उन्हें समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुई तो इसका सीधा असर फसल की पैदावार पर पड़ सकता है। सोमवार को भी कई किसान सुबह से वेयरहाउस पर पहुंच गए थे और टोकन बुक होने का इंतजार करते रहे, लेकिन काफी समय तक समस्या का समाधान नहीं होने से उन्हें निराश होकर लौटने की स्थिति बनी।

व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग

कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सिरोंज वेयरहाउस पर खाद वितरण की व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त कराया जाए। ई-टोकन बुकिंग में आ रही तकनीकी समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए तथा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि अन्नदाता को खाद के लिए पहले कतार और फिर ई-टोकन के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शासन को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिसमें किसान सम्मान के साथ और बिना अनावश्यक परेशानी के समय पर खाद प्राप्त कर सके। किसानों का कहना है कि खाद की आवश्यकता के समय यदि टोकन व्यवस्था में ही परेशानी आती रही तो आने वाले दिनों में समस्या और बढ़ सकती है। ऐसे में प्रशासन को किसानों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए खाद वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी करने और तकनीकी खामियों को दूर करने की आवश्यकता है। इस दौरान अनुज दांगी, श्याम सुंदर यादव, रामस्वरूप धाकड़, वीरेंद्र यादव, मोनू साहू, प्रीतम कुशवाह,मुकेश कुशवाह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

'लगभग 100 परिवार मूलभूत सुविधाओं से परेशान'

इकरा कॉलोनी में सड़क-नाली निर्माण की मांग, पार्षद ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

वार्ड क्रमांक 1 अंतर्गत इकरा कॉलोनी में सड़क एवं नाली निर्माण सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर वार्ड पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा ने सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मुलाकात की। पार्षद ने कलेक्टर को बताया कि इकरा कॉलोनी के नाम से जानी जाने वाली यह बस्ती लंबे समय से आवासीय परिसर के रूप में अस्तित्व में है और यहां करीब 100 परिवार निवास कर रहे हैं।

वर्तमान में कुछ हिस्सों में सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य शेष होने के कारण रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद ने बताया कि वर्ष 2006 में संबंधित भूमि का कृषि भूमि से आवासीय भूमि में डायवर्सन हुआ था। इसके बाद लोगों ने अपनी निजी जरूरतों के लिए प्लॉट खरीदकर मकान बनाए और वर्ष 2010 से पहले ही यहां परिवार रहने लगे थे। वर्ष 2011 में कलीम भाई द्वारा इस परिसर में इकरा पब्लिक स्कूल का संचालन शुरू किया गया, जिसके बाद सामान्य बोलचाल में लोग इस आवासीय परिसर को इकरा कॉलोनी कहने लगे। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन का भूमि विकास एवं रेरा संबंधी कानून वर्ष 2012 में अस्तित्व में आया। इसी दौरान नगर पालिका परिषद सिरोंज द्वारा वर्ष 2012 में यहां सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट एवं पानी की लाइन जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। साथ ही आवासीय भवनों के नामांतरण नगर पालिका के रजिस्टर में दर्ज किए गए और रहवासियों द्वारा नगर पालिका के विभिन्न करों का नियमित रूप से भुगतान किया जा रहा है।



2016 में अवैध कॉलोनी के रूप में दर्ज होने का दावा

पार्षद राम दयाल विश्वकर्मा ने कलेक्टर को बताया कि वर्ष 2016 में इस परिसर को इकरा कॉलोनी के नाम से अवैध कॉलोनी के रूप में दर्ज किया गया। इसके बाद से यहां सड़क एवं नाली निर्माण सहित आवश्यक विकास कार्यों में समस्या बनी हुई है। वर्तमान में कुछ मार्गों पर सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य शेष है, जिसके कारण रहवासियों को आवागमन और जल निकासी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा ने कलेक्टर से मांग की कि रहवासियों की स्थिति को देखते हुए इकरा कॉलोनी में शेष सड़क एवं नाली निर्माण कार्य कराया जाए, ताकि करीब 100 परिवारों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि रहवासी लंबे समय से विकास कार्यों की उम्मीद लगाए बैठे हैं और समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाना आवश्यक है।

कांग्रेस के कार्यकर्ता पैदल मार्च में हुए शामिल, लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा का लिया संकल्प

वोट की चोरी के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

वोट की चोरी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा भोपाल में आयोजित पैदल मार्च में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर के अध्यक्ष अर्जुन राजपूत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर लोकतंत्र और मताधिकार की आवाज बुलंद की। जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया।

पैदल मार्च में शामिल होने के लिए देवपुर ब्लॉक क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी के झंडे और विभिन्न संदेशों वाली तख्तियां लेकर लोकतंत्र की रक्षा तथा मताधिकार की सुरक्षा के पक्ष में नारे लगाए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि मतदान लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और प्रत्येक मतदाता के वोट की निष्पक्षता एवं गोपनीयता सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अर्जुन राजपूत ने कहा कि लोकतंत्र में



जनता का मत सर्वोपरि होता है। प्रत्येक नागरिक को अपने मत का स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से उपयोग करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाताओं के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठाते रहेंगे। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी से लेकर चुनाव आयोग, भोपाल तक आयोजित पैदल मार्च में अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती और चुनाव प्रक्रिया में जनता के विश्वास को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मताधिकार से जुड़े किसी भी सवाल को गंभीरता से उठाया जाना चाहिए और संबंधित संस्थाओं को पारदर्शी तरीके से उसका समाधान करना चाहिए। पैदल मार्च के दौरान देवपुर ब्लॉक से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर ने कहा कि लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए संगठन स्तर पर जनजागरूकता और लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

चुनाव आयोग पर भ्रम फैलाकर लोकतंत्र को कमजोर कर रही कांग्रेस : हीरा सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर चुनाव आयोग को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसकी विश्वसनीयता पर बिना आधार सवाल उठाना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। सागर में आयोजित पत्रकार वार्ता में राजपूत ने कहा कि एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग 26 सितंबर की बैठक के बाद स्थिति स्पष्ट कर चुका है। यदि कांग्रेस को आयोग की किसी प्रक्रिया या निर्णय पर आपत्ति है तो उसके लिए संवैधानिक और न्यायिक रास्ते खुले हैं। कांग्रेस को आरोप लगाने के बजाय तथ्यों के साथ जनता के



सामने आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फॉर्म-6 की व्यवस्था है। इसके बावजूद एसआईआर को लेकर लगातार भ्रम फैलाना उचित नहीं है। राजपूत ने ईवीएम और चुनाव आयोग पर कांग्रेस द्वारा समय-समय पर उठाए जाने वाले सवालों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को अपनी चुनावी स्थिति का आत्ममंथन करना चाहिए, न कि संवैधानिक संस्थाओं को जिम्मेदार ठहराना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष को सरकार से सवाल करने और नीतियों की आलोचना का पूरा अधिकार है, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है।

लता मंगेशकर की 97 वीं जयंती पर सजी गीतांजलि संगीत संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- कलाकारों ने सुरों से दी स्वर कोकिला को श्रद्धांजलि

सार्वजनिक वाचनालय एवं लीजेंड्स म्यूजिक ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर की 97वीं जयंती की पूर्व संध्या पर 'गीतांजलि संगीत संध्या' आयोजित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ कवि स्वर्गीय जगदीश श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित कर हुई। कालूराम पथिक, डॉ. शीलचंद्र पालीवाल, केएन शर्मा, केके पंजाबी और सुलखान सिंह हाड़ा ने विचार व्यक्त किए, जबकि लायन अरुण कुमार सोनी ने काव्य के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। इसके बाद स्थानीय कलाकारों ने लता जी के अमर गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। प्रशंसा ने 'सत्यम शिवम सुंदरम' और 'अजीब दास्तान है ये', हंसजा सोबी ने 'नाम गुम जाएगा', सपना श्रीवास्तव ने 'तुम ही मंदिर, तुम ही पूजा' सहित अन्य कलाकारों ने कई लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। समापन सभी कलाकारों ने सामूहिक रूप से 'जिंदगी प्यार का गीत है' गाकर किया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

सागर। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने सोमवार को ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षित अभिरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। वेयरहाउस में भंडारित ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सील, भौतिक स्थिति और अभिलेखों की जांच की गई। सर्वदलीय उपस्थितिः निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरती यादव सहित प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

50 वर्ष पुराने छात्रों का ऐतिहासिक मिलन समारोह, पुरानी यादों में खोए पूर्व छात्र

एसएसएल जैन कॉलेज के बीएससी 1976-78 बैच के छात्रों का अशोका ग्रैंड में आत्मीय मिलन, पांच दशक बाद साथियों से मिलकर भावुक हुआ माहौल

पांच दशक बीतने के बाद भी कॉलेज और साथियों की यादें मन में जीवंत हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसएसएल जैन कॉलेज के बीएससी 1976-78 बैच के पूर्व छात्रों का आत्मीय मिलन समारोह होटल अशोका ग्रैंड में उत्साह और भावुकता के साथ संपन्न हुआ।

करीब पांच दशक बाद एक-दूसरे से मिले पूर्व छात्रों ने छात्र जीवन की पुरानी यादें साझा कीं और कॉलेज से जुड़े संस्मरणों को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आरएन शुक्ला, पूर्व प्राध्यापक एसएटीआई विदिशा, के स्वागत के साथ हुई। पूर्व छात्रों ने 57 मित्रों को एक ग्रुप में जोड़कर उन्हें पुनः एक मंच पर लाने के प्रयास के लिए उनका आभार जताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. हंसा शाह ने की। उन्होंने कहा कि बैच के कई साथी उच्च पदों से सेवानिवृत्त हुए हैं और कुछ उद्योग जगत से जुड़े रहे हैं। उन्होंने पहले एल्युमनी मिलन को शानदार और रोमांचक बताया। समारोह में प्रदीप सिंह पंवार, वीरेंद्र पाल सिंह, सुरेंद्र मोहन गुप्ता, मुकुंद कद्रे, महेंद्र चौहान, राकेश खरे, बीएम व्यास, महेंद्र जैन, सुनील जैन, जवाहर सिंह मीणा, सुधीर श्रीवास्तव, प्रवीण शर्मा, रमेश अग्रवाल, अशोक रोंगे, डॉ. हंसा शाह, रश्मि जैन और रुद्र नारायण शुक्ला सहित पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। पूर्व छात्रों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन, सहपाठियों के साथ बिताए पलों और कॉलेज परिसर की स्मृतियों को याद किया। कई साथी भावुक भी हुए। उन्होंने कहा कि पांच दशक बीतने के बाद भी कॉलेज और साथियों की यादें आज भी मन में जीवंत हैं। समारोह का समापन भविष्य में भी नियमित रूप से ऐसे मिलन समारोह आयोजित करने के संकल्प के साथ हुआ।

बुजुर्गों के लिए विशेष पहलः जिला अस्पताल में 1 को लगेगा शिविर

हृदय, नेत्र, हड्डी, न्यूरोलॉजी समेत विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे जांच, दवाइयां और आयुष्मान कार्ड की सुविधा निःशुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय विदिशा परिसर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृहद स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष की थीम 'गरिमा के साथ वृद्धावस्था, वृद्ध नागरिकों के लिए देखभाल और समर्थन प्रणालियों को मजबूत करने का महत्व' रखी गई है। शिविर का उद्देश्य बुजुर्गों को एक ही स्थान पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। शिविर में सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक निःशुल्क पंजीयन और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। हृदय रोग, मेडिसिन, नेत्र रोग, हड्डी रोग, फिजियोथैरेपी और न्यूरोलॉजी के विशेषज्ञ चिकित्सक वरिष्ठ नागरिकों की जांच कर परामर्श देंगे।

शुगर, बीपी समेत कई जांचें निःशुल्क

शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर, थायराइड, हीमोग्लोबिन तथा लिवर-किडनी से संबंधित आवश्यक रक्त जांचें निःशुल्क की जाएंगी। चिकित्सकों द्वारा लिखी गई आवश्यक दवाइयों का वितरण भी अस्पताल की ओर से निःशुल्क किया जाएगा। इसके अलावा जिन बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बने हैं, उनके लिए शिविर स्थल पर विशेष काउंटर की व्यवस्था रहेगी, जहां कार्ड बनाने की प्रक्रिया में सहायता दी जाएगी।

भाजपा सहयोग सेल में सुनीं कार्यकर्ताओं व नागरिकों की समस्याएं

विदिशा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देश पर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में 'सहयोग सेल' के तहत शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीना ने कार्यकर्ताओं और नागरिकों से संवाद किया गया। पदाधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।



करुणा जागृति मंच ने साहित्यकारों का किया सम्मान

विदिशा। करुणा जागृति मंच के तत्वावधान में शहर के शायर एवं बुंदेली कवि सुरेंद्र श्रीवास्तव का एकल पाठ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में शहर के वरिष्ठ साहित्यकारों का सम्मान किया गया। साहित्यकार सुलखान सिंह हाड़ा, डॉ. जगमोहन शर्मा और डॉ. सुरेश गर्ग ने सुरेंद्र श्रीवास्तव के लेखन पर विचार व्यक्त किए। मंच की ओर से कालूराम पथिक, युगल श्रीवास्तव, डॉ. जगमोहन शर्मा, निसार मालवी, डॉ. शीलचंद पालीवाल, डॉ. सुरेश गर्ग सहित 12 वरिष्ठ साहित्यकारों का सम्मान किया गया। संचालन कवि लक्ष्मण नेपाली ने किया। आभार अध्यक्ष डॉ. प्रवेश शर्मा ने माना।

भोपाल में शिक्षकों ने निकाली रैली नीलम पार्क पहुंचकर दिया धरना

टेट परीक्षा से मुक्ति और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग, विदिशा से पहुंचे करीब दो हजार शिक्षक



विदिशा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर 27 सितंबर से भोपाल में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में विदिशा जिले के करीब 2 हजार शिक्षक शामिल हुए। शिक्षक रेलवे स्टेशन से रैली के रूप में नीलम पार्क स्थित धरना स्थल पहुंचे। कार्यक्रम में प्रदेशभर से 10 हजार से अधिक शिक्षक शामिल हुए। मोर्चा की प्रमुख मांगों में टेट परीक्षा से मुक्ति, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और पुरानी पेंशन बहाली शामिल हैं। जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। जिला संयोजक कृष्ण गोपाल राय ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को आंदोलन में सहभागिता करनी है और पुरानी पेंशन व टेट परीक्षा से मुक्ति का आदेश लेकर ही धरना समाप्त किया जाएगा। राजेश एलिया ने बताया कि भोपाल-नर्मदापुरम संभाग के बाद जबलपुर संभाग के शिक्षक धरने में शामिल होंगे। कार्यक्रम में चंद्रभूषण किरार, राजेश दीक्षित, सौदान सिंह सूर्यवंशी, जाहिद अहमद सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

नाबालिग बालिका को पुलिस ने सकुशल बरामद किया सागर। थाना सनौधा की चौकी शाहपुर पुलिस ने नाबालिग बालिका से जुड़े प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध दर्ज होने के दो दिन के भीतर उसे सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया।

CHANGE OF NAME

I, Venkteshwr Singh Raghuwanshi Add. 15, ward 1, Anandpur road lateri Dist. Vidisha (M.P.) I declare that my old name was **"VANIKTASWAR SINGH RAGHUVANSHI** S/o **SOORAJPRAKASH RAGHUVANSHI"** (old name) now has to changed **"Venkteshwr Singh Raghuwanshi** S/o **Suraj Prakash"** (new name) henceforth, I shall be known as "Venkteshwr Singh Raghuwanshi S/o Suraj Prakash", in future for all purpose including all the official documentations.

नाम परिवर्तन सूचना

मै वेंकटेश्वर सिंह रघुवंशी पुत्र सूरज प्रकाश आयु 52 वर्ष निवासी वार्ड क.01 आनंदपुर रोड लटेरी तह. लटेरी जिला विदिशा म.प्र. पिन 464114 यह कि पूर्व मे मेरा नाम वाणीकटेश्वर सिंह रघुवंशी पुत्र सूरजप्रकाश रघुवंशी (VANIKTASWAR SINGH RAGHUVANSHI S/O SOORAJPRAKASH RAGHUVANSHI) था। जिसे अब बदलकर वेंकटेश्वर सिंह रघुवंशी पुत्र सूरज प्रकाश (Venkteshwr Singh Raghuwanshi S/o Suraj Prakash) कर दिया गया है। यह कि अब से भविष्य में सभी कार्यों और आधिकारिक दस्तावेजों में इन्हें वेंकटेश्वर सिंह रघुवंशी पुत्र सूरज प्रकाश (Venkteshwr Singh Raghuwanshi S/o Suraj Prakash) के नाम से जाना जायेगा।

4 साल बाद किसानों को मिला रास्ता, ग्रामीणों ने तहसीलदार और एसडीएम का माना आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कुरवाई तहसील के करैया टेंकू गांव में 4 साल से लंबित सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण का मामला सुलझ गया है। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई और ग्रामीणों को रविवार से पहले अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया था। हुआ भी ऐसा ही रविवार से पहले अधिकारी मौके पर पहुंचे और 6 फीट बचे सरकारी रास्ते से अतिक्रमण हटवाया और ट्रैक्टर चलवाकर इस रास्ते को 16 फीट चौड़ा कर दिया गया है। अब ग्रामीणों को आने जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। तहसीलदार ने ग्रामीणों से अतिक्रमण हटाने के लिए चर्चा की और रास्ते को चौड़ा करवा दिया गया है। जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हे खेतों तक जाने में आसानी होगी।

करैया टेंकू के ग्रामीण रणवीर सिंह दांगी, तुलसीराम दांगी, आकाश दांगी, थानसिंह दांगी, ऊधम सिंह दांगी, अमित दांगी, शुभम दांगी, अर्जुन सिंह दांगी, मोहित दांगी, अनुज दांगी, देवेंद्र दांगी, संतोष दांगी, गोविंद दांगी, राजा दांगी, जसवंत सिंह दांगी, रघुवीर सिंह दांगी, रामकुमार दुबे, मुकेश सेन, बद्री दुबे, संतोष दांगी, मनोज दांगी, लखन दांगी, राघवेंद्र



दांगी , शुभम दांगी, रघुवीर सिंह दांगी ने एसडीएम और तहसीलदार का आभार व्यक्त किया है।

7 दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवें सत्र का शुभारंभ

सागर। जिला आपदा प्रबंधन सागर के आदेशानुसार, स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी सागर में आपदा मित्र योजना के पांचवें सत्र का प्रारंभ किया गया, उपस्थित पंजीकृत प्रशिक्षुओं को निर्देशानुसार पुस्तिका, डायरी, पेन, टी-शर्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भोजपाल वर्मा डिवीजनल कमांडेंट सागर, विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल तिवारी कुलपति संस्थापक स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर रहे।

महू पथरई व सुंड सालेरा के ग्रामीणों में आक्रोश, बोले- जर्जर सड़क ने ली तीन की जान

सड़क नहीं तो वोट नहीं, मतदाता आज करेंगे जिला पंचायत सदस्य के उपचुनाव का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सड़क की बदहाली से परेशान ग्रामीणों ने अब अपनी मांग मनवाने के लिए जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 3 मेहगांव उप चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला लिया है। जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत महू पथरई और सुंड सालेरा के करीब 2500 से अधिक मतदाता 29 सितंबर मंगलवार को होने वाले जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक-3 मेहगांव के उपचुनाव में मतदान नहीं करेंगे। ग्रामीणों ने साफ ऐलान किया है कि जब तक सड़क का निर्माण शुरू नहीं होगा। तब तक वे वोट नहीं डालेंगे। ग्रामीणों ने दोनों प्रत्याशियों पूजा राकेश चौकसे और लक्ष्मण सिंह लोधी भदोरिया को वोट नहीं देने का सामूहिक निर्णय लिया है। उनका कहना है कि वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण आज भी उन्हें जर्जर और गड्ढों से भरी सड़क पर जान जोखिम में डालकर वाहनों से आवागमन करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के मुताबिक, बदहाल सड़क के कारण हुए हादसों में अब तक तीन लोगों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद सड़क निर्माण को लेकर अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीण खलीलुल्लाह, पप्पू ठाकुर, सौदान सिंह, सालेरा निवासी राजेश बघेल, हेमराज बैरागी, जनपद सदस्य दीवान सिंह बैरागी और रामकिशन लोधी का कहना है कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से संघर्ष किया जा रहा है। करीब 60 गांवों के लोगों को इस सड़क से आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क स्वीकृत होने के बाद भी निर्माण नहीं होना समझ से परे है। अब दोनों पंचायतों के मतदाता एकजुट होकर जिला पंचायत सदस्य मेहगांव वार्ड तीन के उपचुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक सड़क निर्माण को लेकर जिला प्रशासन कोई ठोस निर्णय नहीं लेता और काम शुरू नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।





2023 में स्वीकृत हुई सड़क, अब तक नहीं हुआ निर्माण

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र की सड़क वर्ष 2023 में स्वीकृत हो चुकी है, इसके बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होना जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना के तहत सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों को उम्मीद थी कि जल्द ही आवागमन की समस्या से निजात मिल जाएगी। लेकिन सालों बीतने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं। गड्ढों से भरी सड़क पर आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों के सामने शिकायतें रखी गईं।लेकिन हर बार जिम्मेदार अधिकारियों के उन्हें सिर्फ कोरे आश्वासन ही मिले। अब ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर प्रशासन का ध्यान अपनी समस्या की ओर आकर्षित करने का निर्णय लिया है।

दोनों प्रत्याशियों को वोट नहीं देने पर अड़े ग्रामीण

जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक-3 मेहगांव के उपचुनाव में 20 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। यहां 29 सितंबर को सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होना है। जबकि आगामी पांच अक्टूबर को मतगणना होगी।चुनाव मैदान में श्रीमती पूजा राकेश चौकसे चुनाव चिन्ह दो पत्ती और लक्ष्मण सिंह लोधी भदौरिया चुनाव चिन्ह धनुष बाण के बीच मुकाबला है। लेकिन महू पथरई और सुंड, सालेरा के ग्रामीणों ने चुनावी मुकाबले से खुद को अलग रखने का फैसला किया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उनकी बुनियादी समस्या का समाधान ही नहीं हो रहा है तो वे चुनाव में मतदान क्यों करें। उनका विरोध किसी एक प्रत्याशी के खिलाफ नहीं।बल्कि वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की अनदेखी के खिलाफ है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर फैसला किया है कि सड़क निर्माण को लेकर ठोस कार्रवाई होने तक वे मतदान से दूर रहेंगे।

अब जिला प्रशासन के सामने चुनाव बहिष्कार की चुनौती

करीब 2500 से अधिक मतदाताओं के मतदान बहिष्कार के फैसले ने जिला प्रशासन के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। जहां एक ओर 29 सितंबर मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य वार्ड-3 मेहगांव के उपचुनाव के लिए मतदान होना है।वहीं दूसरी ओर ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग को लेकर मतदान केंद्रों से दूरी बनाने की तैयारी में हैं। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि क्या प्रशासन मतदान से पहले ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगा या फिर वर्षों से बदहाल सड़क की समस्या के बीच इस मेहगांव जिला पंचायत सदस्य उपचुनाव संपन्न होगा। ग्रामीण अपने फैसले पर अडिग हैं एक ही मांग है- पहले सड़क बनाओ, फिर वोट मांगने आओ।

अब प्रशासन के सामने बहिष्कार की चुनौती

करीब 2500 से अधिक मतदाताओं के मतदान बहिष्कार के फैसले ने जिला प्रशासन के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। एक ओर 29 सितंबर को जिला पंचायत सदस्य वार्ड-3 के उपचुनाव के लिए मतदान होना है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग को लेकर मतदान केंद्रों से दूरी बनाने की तैयारी में हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या प्रशासन मतदान से पहले ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगा या फिर वर्षों से बदहाल सड़क की समस्या के बीच उपचुनाव संपन्न होगा। फिलहाल ग्रामीण अपने फैसले पर अडिग हैं और उनकी एक ही मांग है—पहले सड़क बनाओ, फिर वोट मांगने आओ।

दोनों गांवों में निकाली रैली

सालेरा और महू पथरई दोनों पंचायतों में जागरुक नागरिकों द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली। साथ ही ग्रामीणों द्वारा रोड नहीं तो...वोट नहीं के जमकर नारेबाजी की। उन्होंने घर घर जाकर यह अपील की कि 29 सितंबर मंगलवार को होने जा रहे जिला पंचायत सदस्य वार्ड तीन मेहगांव के उपचुनाव में दोनों उम्मीदवारों को मतदान नहीं करने के मुद्दे पर जोर दिया गया।

इनका कहना है

प्रशासनिक अधिकारियों की टीम सोमवार को दोपहर बाद सालेरा महू पथरई गांव पहुंची। सड़क नहीं बनने से नाराज ग्रामीणों को समझाइश भी दी गई। जिला पंचायत सदस्य के उप चुनाव में मतदान में हिस्सा लेने की अपील ग्रामीणों से की।

मनीष शर्मा एसडीएम रायसेन

ग्राम पंचायत उपचुनाव के चलते कानपोहरा, सांचेत नरवर और नकतरा की शराब दुकानें रहेंगी बंद

रायसेन। त्रि-स्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन-2026 के तहत 29 सितंबर को होने वाले मतदान को लेकर जिला प्रशासन ने शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अरुण विश्वकर्मा आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त डॉ शादाब अहमद सिद्दीकी ने निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए कानपोहरा, सांचेत, नरवर और नकतरा की कंपोजिट मदिरा दुकानों को मतदान समाप्त होने तक बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। मतदान के मद्देनजर संबंधित क्षेत्रों में मतदान की निर्धारित तारीख से 48 घंटे पहले से ही शराब की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रतिबंध मतदान समाप्त होने तक प्रभावी रहेगा।

नप सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में अव्वल, दिया प्रशंसा पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सीएम हेल्पलाइन 181 पर की गई शिकायतों के निराकरण में नगर परिषद के सीएमओ हरिशंकर वर्मा द्वारा रुचि लेकर कार्य करने की सक्रियता और उत्कृष्ट कार्य के लिए रायसेन में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा सीएमओ हरिशंकर वर्मा को प्रशंसा पत्र प्रदान कर इसी प्रकार कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। नगर परिषद में सीएमओ हरिशंकर वर्मा की सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों के निराकरण में व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य किए जाने से अगस्त 2026 की ग्रेडिंग में 96.36 प्रतिशत वेटेज प्राप्त हुआ। जिले को ग्रुप ए में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने सीएमओ हरिशंकर वर्मा को सीएम हेल्पलाइन 181 में इसी प्रकार संतुष्टि पूर्ण कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त करते हुए प्रशंसा पत्र प्रदान किया।

विश्व रेबीज दिवस पर अंतर विभागीय बैठक, कलेक्टर ने दिए बचाव के निर्देश



रायसेन। विश्व रेबीज दिवस पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में अंतर विभागीय समन्वय बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, शिक्षा, पशुपालन, पंचायत, महिला बाल विकास, वन विभाग और शहरी निकायों के अधिकारी मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री और जिला रेबीज नोडल अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने पीपीटी के माध्यम से रेबीज से बचाव की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि रेबीज गंभीर बीमारी है। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर एंटी रेबीज वैक्सीन और इम्युनोग्लोबिन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

15 मिनट तक घाव को धोना जरूरी

अधिकारियों ने बताया कि आवारा कुत्ता या किसी जानवर के काटने पर घाव को तुरंत बहते पानी और साबुन से 15 मिनट तक धोना चाहिए। इसके बाद नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर वैक्सीन लगवाएं। झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ें और घाव पर कोई अन्य पदार्थ न लगाएं।

गणेश झांकी पर विवाद: दो खूनी संघर्ष में 8 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के अंबाड़ी गांव में गणेश झांकी के दौरान गाली-गलौज को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते हिंसक मारपीट में बदल गया। इस घटना में दोनों पक्षों के 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने पीड़ित पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, घटना दिनांक 27 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे की है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घर के बाहर स्थापित गणेश जी की झांकी में महिलाएं भजन गा रही थीं, तभी आरोपी पक्ष के तोरण सिंह मोगिया, लखन मोंगिया, अनुज मोगिया और अनिल मोंगिया ने वहां पहुंचकर शोर-शराबा और गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जब उन्हें मना किया गया, तो वे आक्रोशित हो गए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।वहीं



दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश या रास्ते में हुई कहासुनी के चलते अनिकेत मालवीय, अतुल मालवीय, नंदू मालवीय और पवन मालवीय ने मिलकर लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के लगभग 8 लोग घायल हुए हैं जिनमें अनिकेत मालवीय, अतुल मालवीय, नंदकिशोर मालवीय, पवन मालवीय, तोरण सिंह मोंगिया, लखन मोंगिया, अनुज मोंगिया और अनिल मोंगिया शामिल हैं। बीच-बचाव करने आए परिजनों और ग्रामीणों पर भी हमला किया गया।

बाड़ी में किसानों के संवाद कार्यक्रम में उठी धान के उचित दाम और जीआई टैग की मांग

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज किसान के बेटे, फिर भी धान को नहीं मिला दर्जा: दिग्विजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बाड़ी

जिले के तहसील मुख्यालय बाड़ी स्थित अटवाल रिसॉर्ट में सोमवार दोपहर पूसा बासमती धान उत्पादक किसानों का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और सिलवानी विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक में किसानों ने पूसा बासमती धान को जीआई टैग (भौगोलिक संकेतक) का दर्जा दिलाने, धान के उचित दाम सुनिश्चित करने और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की मांग उठाई। इस दौरान किसानों की समस्याओं और उनके आर्थिक हितों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि रायसेन जिला कृषि प्रधान है और यहां करीब 80 प्रतिशत किसान खेती-किसानी से जुड़े हुए हैं। धान उत्पादन के मामले में भी जिला प्रदेश के अग्रणी क्षेत्रों में शामिल हो चुका है। इसके बावजूद यहां उत्पादित पूसा बासमती धान को अब तक जीआई टैग का दर्जा नहीं मिलना किसानों के लिए चिंता का विषय है। केंद्र से लेकर प्रदेश और स्थानीय स्तर तक भाजपा की सरकारें हैं।



नहीं मिल रहे उचित दाम

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि किसान सालभर मेहनत कर धान की बंपर पैदावार करते हैं। लेकिन उन्हें हर साल उसकी धान उपज के वाजिब दाम नहीं मिल पाते। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि विदिशा संसदीय क्षेत्र से सांसद शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय कृषि मंत्री की जिम्मेदारी मिली है। वे स्वयं को किसान का बेटा बताते हैं, ऐसे में किसानों की धान को जीआई टैग का दर्जा दिलाने के लिए ठोस पहल क्यों नहीं की गई ? किसान सालभर मेहनत कर धान की बंपर पैदावार करते हैं। लेकिन उन्हें हर साल उपज के वाजिब दाम नहीं मिल पाते।

कांग्रेस सरकार बनी तो जीआई टैग दिलाएंगे: देवेंद्र पटेल

सिलवानी बेगमगंज सीट के विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यदि भविष्य में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो किसानों की धान को उचित मूल्य दिलाने और पूसा बासमती को जीआई टैग का दर्जा दिलाने के लिए प्राथमिकता से प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत का उचित मूल्य मिलना चाहिए और उनकी उपज को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने जरूरी हैं। कार्यक्रम में किसानों ने धान उत्पादन के दौरान आने वाली समस्याओं, बाजार में उचित मूल्य नहीं मिलने और जीआई टैग की आवश्यकता सहित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में पूसा बासमती धान उत्पादक किसान मौजूद रहे।



किसानों को पर्याप्त मिले डीएपी यूरिया खाद नहीं तो 5 अक्टूबर से आंदोलन

बरेली। भारतीय किसान संघ की जिला बैठक कृषि उपज मंडी के सभा कक्ष में हुई। बैठक में जिला तहसीलों के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं किसानों की उपस्थिति में किसानों की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से ई टोकन खाद वितरण व्यवस्था और किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार खाद न मिलने का मुद्दा छाया रहा। सरकार ने खाद के लिए ई टोकन व्यवस्था दोबारा लागू की है। तहसील वार बुकिंग खपत के अनुसार खाद उपलब्ध कराने और सहकारी समितियां के सदस्यों को प्राथमिकता से खाद उपलब्ध कराय जाने जेसे सुझाव लागू नहीं किए गए हैं। रवि फसलों की बवनी का समय दो सप्ताह बाद शुरू हो रहा है। किसानों में खाद न मिलने से असंतोष का माहौल भी बन रहा है। बैठक में 5 अक्टूबर को सभी तहसीलों में ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। व्यवस्था न सुधरने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने किसानों को कृषि पंप पर 24 घंटे बिजली धान का पंजीयन समय पर कराये जाने मूंग की लंबित राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांगों पर विचार किया गया। बैठक में किसान संघ के जिला अध्यक्ष केसर सिंह पटेल सहित अन्य पदाधिकारी तहसीलों से आए पदाधिकारी और किसानों की उपस्थिति रही।



नगर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष बने मुकुल

बाड़ी। श्री नगर हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक फाउंडेशन संस्थापक सदस्यों द्वारा पारित निर्णय प्रस्ताव के उपरांत आम सभा की बैठक का निर्णय लिया गया, सभी हिंदू उत्सव समिति के आजीवन सदस्यों को जानकारी सदी गई। बैठक विशेष आमसभा में आजीवन सदस्यों को सोमवार प्राचीन राधाबल्लभ मंदिर में उपस्थिति अनिवार्य की गई अनुपस्थित को उपस्थित ही माना जाएगा। निर्णय प्रस्ताव के बाद किसी भी आपत्ति को मान्य नहीं किया जाएगा। बैठक लगभग दोपहर 1 बजे शांतिपूर्ण बेहतर अच्छे विचारों के आदान-प्रदान के साथ प्रारंभ हुई वर्ष 2025 को आमसभा के प्रस्ताव में जस्सी अटवाल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया था पर कुछ आपत्ति के उपरांत उनका नाम रजिस्ट्रेशन संस्था में दर्ज न होने की बात आमसभा में श्री हिंदू उत्सव समिति के सदस्य जोधा सिंह अटवाल ने आमसभा में अपनी बात रखी और कहां की पिछले प्रस्ताव को आपत्ति के कारण अध्यक्ष को अध्यक्ष का दर्जा नहीं मिला और अध्यक्ष मान्यता नहीं मिली इस कारण फाउंडेशन सदस्य एवं आम सभा स्वतंत्र रूप से आम सहमति से कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त करें हम पूर्णता आम सभा के साथ नाम भी सुझाव दिए गए। 1घंटे विचार-विमर्श चलता रहा एक दूसरे के विचारों का आदान-प्रदान हुआ और आमसभा में पूर्व हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं आजीवन सदस्य सुरेश पाल ने मुकुल यादव का प्रस्ताव रखा उपस्थित सभी सदस्यों ने इसका समर्थन और सभी उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया।

सप्ताहांत में बड़ी संख्या में पहुंचे सैलानी, जोखिम वाले स्थानों पर लेते सेल्फी

हलाली डैम का जलस्तर 1507 फीट पर पहुंचा, बढ़ा तो खुलेंगे गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले हलाली डैम में लगातार पानी की आवक बनी हुई है। शनिवार शाम तक बांध का जलस्तर 459ण्27 मीटर यानी करीब 1507 फीट पहुंच गया। जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी और आगामी दो दिनों में बारिश की संभावना को देखते हुए बांध के जल्द ही लबालब होने की स्थिति बन गई है। अधिकारियों के अनुसार जलस्तर एक फीट और बढ़ते ही चैनल गेट खोलकर पानी की निकासी शुरू करनी पड़ सकती है। गेट खोलने से पहले आसपास के गांवों के रहवासियों को सूचना देने की बात कही गई है। अनुविभागीय अधिकारी बीके बागुल्या ने बताया कि शनिवार को हलाली डैम का जलस्तर 1507 फीट दर्ज किया गया है। यदि जलस्तर एक फीट और बढ़ता है तो चैनल गेट खोल दिए जाएंगे। आगामी दो दिनों में बारिश की संभावना हैए ऐसे में बांध के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है।



चेतावनी के बावजूद जोखिम वाले स्थानों पर पहुंच रहे पर्यटक

बांध के आसपास सुरक्षा को लेकर सैलानियों को लगातार चेतावनी दी जा रही है, लेकिन इसके बावजूद कई लोग प्रतिबंधित और जोखिम वाले स्थानों तक पहुंचकर सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं। पानी का बहाव तेज होने के कारण यहां कभी भी हादसा हो सकता है। इससे पहले भी बारिश के मौसम में हलाली डैम पर कई दुर्घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

पिछले साल भी कई बार खोले गए थे गेट

पिछले वर्ष भी हलाली डैम का जलस्तर 1508 फीट के करीब पहुंचने पर कई बार गेट खोलकर पानी की निकासी करनी पड़ी थी। इस वर्ष भी बांध में लगातार हो रहे जलभराव से ऐसी स्थिति बनने की संभावना है। पर्याप्त पानी होने से क्षेत्र के किसानों में भी उत्साह है। किसानों को उम्मीद है कि रबी सीजन में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा।

हलाली डैम में पर्याप्त जलभराव होने से करीब 14 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई होती है। इसके अलावा रायसेन और विदिशा जिले के हजारों लोगों को पेयजल भी उपलब्ध कराया जाता है। बांध के पूर्ण जलभराव की स्थिति में किसानों को सिंचाई सहित अन्य कृषि जरूरतों के लिए पर्याप्त पानी मिलने की उम्मीद है।

61 गांवों तक पहुंचेगा हलाली का पानी

हलाली समूह जलप्रदाय योजना के तहत आने वाले समय में बांध का पानी सांची विकासखंड के 25 और भोपाल जिले के 36 गांवोंए कुल 61 गांवों तक पहुंचाया जाना है। सांची विकासखंड के कई गांवों में पानी पहुंचना शुरू भी हो चुका हैए जबकि शेष गांवों में आगामी महीनों में जलापूर्ति शुरू होने की उम्मीद है।

बांध लबालब होने से सैलानियों की बढ़ी भीड़

हलाली डैम में लगातार बढ़ते जलस्तर के बीच शनिवार.रविवार की छुट्टी के चलते बड़ी संख्या में सैलानी बांध का नजारा देखने पहुंचे। चैनल गेट और आसपास के क्षेत्रों में लोग पानी की तेज लहरों को देखने के साथ फोटो और वीडियो बनाते नजर आए। बांध के लबालब होने की स्थिति के कारण यहां का नजारा इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।